भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 226 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 08 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# फोकस लाइव पॉडकास्ट ने खोली बिजोलिया के जमीदोंज स्कूल की फाइल

## अति-उत्साह, बिना वित्तीय स्वीकृति और जन-संवाद की कमी ने तीन साल से अटकाया भविष्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**कपिल श्याम विजय**

बिजोलिया के तेजाजी चौक स्थित जमींदोंज विद्यालय भवन अब सिर्फ एक ध्वस्त इमारत नहीं, बल्कि प्रशासनिक जल्दबाजी और फैसलों की खामियों का उदाहरण बन चुका है। यह पूरा मामला भीलवाड़ा फोकस लाइव पॉडकास्ट के बाद एक बार फिर चर्चा में आया, जहां सामने आई जानकारियों ने तीन साल से दबे सवालों को उजागर कर दिया।

पॉडकास्ट में पूर्व पंचायत समिति सदस्य, एडवोकेट व भाजपा नेता हितेन्द्र सिंह राजौरा ने स्पष्ट कहा कि जनवरी 2023 में विद्यालय भवन को जमींदोंज करने का निर्णय अति-उत्साह में लिया गया। उन्होंने कहा कि जब नए भवन के लिए वित्तीय स्वीकृति तक नहीं थी, तब वर्षों से संचालित विद्यालय को तोड़ना गंभीर प्रशासनिक चूक थी।

**प्रशासनिक स्वीकृति थी, पैसा नहीं यहीं हुई सबसे बड़ी भूल**

पॉडकास्ट में सामने आया कि इसी स्थल पर नगर के एकमात्र महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का नया भवन प्रस्तावित था। इसके लिए डीएमएफटी मद से करीब 2 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता के कारण वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं हो सकी।

इसके बावजूद भवन को गिरा दिया गया। नतीजा न पुराना स्कूल बचा, न नया बन पाया।



जमींदोज से पूर्व विद्यालय भवन

**तीन साल बाद भी मलवा, न निर्णय न जवाबदेही**

पॉडकास्ट में यह तथ्य भी सामने आया कि जमींदोंज स्थल नगर के सबसे व्यस्त और मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित है, लेकिन आज भी वहां सिर्फ मलवा पड़ा है। इसी भवन में कभी कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे पढ़ते थे।

राजौरा ने कहा कि भवन गिराने के बाद न शिक्षा विभाग, न पंचायत और न ही नगरपालिका स्तर पर कोई ठोस रोडमैप तय किया गया।

**भूमि शिक्षा विभाग की, फिर भी अफवाहों का बाजार**

फोकस लाइव पॉडकास्ट में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि भूमि लंबे समय से शिक्षा विभाग के अधीन है। पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा यह



भूमि शिक्षा विभाग को दी गई थी और उस समय यहां मौजूद कब्जाधारियों को अन्यत्र भूखंड आवंटित किए गए थे। कई पट्टों में इसका स्पष्ट उल्लेख मौजूद है। इसके बावजूद नगर में अफवाहें फैलाई गई कि इस भूमि को नगर पालिका के अधीन लेकर सड़क चौड़ीकरण, पार्किंग, कियोस्क या वॉक-वे बनाया जाएगा।

**कॉमर्शियल नजरों की आशंका भी पॉडकास्ट में उजागर**

पॉडकास्ट के दौरान यह भी सामने आया कि मुख्य बाजार में स्थित इस बेशकीमती भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगों की नजर होने की चर्चाएं लंबे समय से चल रही हैं। आरोप है कि संभावित कॉमर्शियल उपयोग की मंशा से विद्यालय निर्माण को ठंडे बस्ते में डाला गया। हालांकि, इस पर अब तक कोई आधिकारिक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई।

**जन-संवाद की कमी सबसे बड़ी खामी**

हितेन्द्र सिंह राजौरा ने पॉडकास्ट में साफ कहा कि इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ी कमी जन-संवाद की रही। न भवन गिराने से पहले अभिभावकों व नागरिकों से राय ली गई, न बाद में स्थिति स्पष्ट की गई।

उन्होंने मांग की कि भवन तोड़ने में हुई लापरवाही की जांच हो और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए।

**नगरपालिका का पक्ष भी पॉडकास्ट के बाद सामने आया**

इस मुद्दे पर नगर पालिका बिजोलिया के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल का कहना है जमींदोंज स्थल पर सुरक्षा और सफाई को ध्यान में रखते हुए चारदीवारी कराई गई है। फिलहाल उक्त स्थान को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं किया गया है।

**पॉडकास्ट से उठा सवाल अब आगे क्या?**

भीलवाड़ा फोकस लाइव पॉडकास्ट ने इस मामले को फिर जनचर्चा में लाकर प्रशासन के सामने सीधा सवाल खड़ा कर दिया है-क्या तीन साल बाद भी शिक्षा के नाम पर गिराई गई इमारत का भविष्य यूं ही अधर में रहेगा, या सरकार व विभाग समयबद्ध निर्णय लेकर जिम्मेदारी निभाएंगे?

क्षेत्रवासियों की मांग है कि या तो तुरंत विद्यालय भवन निर्माण शुरू किया जाए या भूमि के उपयोग को लेकर स्पष्ट, लिखित और सार्वजनिक निर्णय लिया जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था पर लगे सवालों का जवाब मिल सके।

# जहाजपुर क्षेत्र को मिली विद्युत सुदृढ़ीकरण की बड़ी सौगात

## गुढ़ा जीएसएस का लोकार्पण, रेडवास-कोटड़ी जीएसएस का शिलान्यास

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

**गजानंद जोशी।** राज्य सरकार की ग्रामीण विद्युत सुदृढ़ीकरण नीति के तहत शनिवार को जहाजपुर क्षेत्र में विद्युत अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इस क्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, ऊर्जा विभाग हीरालाल नागर द्वारा ग्राम पंचायत गुढ़ा एवं रेडवास में विद्युत क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

### 1.89 करोड़ से बने गुढ़ा जीएसएस का लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1.89 करोड़ की लागत से निर्मित 33/11 केवी जीएसएस गुढ़ा का विधिवत लोकार्पण किया गया। वहीं, भविष्य की विद्युत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 2.29 करोड़ की अनुमानित लागत से 33/11 केवी जीएसएस रेडवास-कोटड़ी का शिलान्यास भी किया गया।

### ग्रामीण क्षेत्रों तक 24 घंटे निर्बाध बिजली का लक्ष्य

राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में



मजबूत, विश्वसनीय एवं आधुनिक विद्युत अवसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक 24 घंटे निर्बाध बिजली पहुंचाकर विकास की गति को तेज करना है।

### गुढ़ा जीएसएस से कई गांवों को मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि गुढ़ा जीएसएस के चालू होने से क्षेत्र को 24 घंटे थ्री-फेस विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। इससे रोजड़ी, फतेहपुर, बागवासा, पचानपुरा, देवपुरा, तरनिया खेड़ा, रामगढ़ सहित आसपास के गांवों को भी निर्बाध व स्थिर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

इससे वोल्टेज समस्या, बार-बार ट्रिपिंग एवं अनावश्यक कटौती से ग्रामीणों को राहत मिलेगी तथा घरेलू व कृषि



उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### रेडवास-कोटड़ी जीएसएस से बढ़ती मांग होगी पूरी

राज्यमंत्री ने बताया कि रेडवास-कोटड़ी जीएसएस के निर्माण से क्षेत्र की बढ़ती विद्युत मांग को प्रभावी रूप से पूरा किया जा सकेगा। इसके पूर्ण होने पर रेडवास सहित रघुनाथपुरा, साबला जी का खेड़ा, गोठड़ा एवं आसपास के गांवों में 24 घंटे थ्री-फेस विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी।

### विधायक ने बताया क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि गुढ़ा जीएसएस का लोकार्पण एवं रेडवास-कोटड़ी जीएसएस का शिलान्यास क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। लंबे समय से बेहतर बिजली व्यवस्था की मांग थी, जिसे सरकार ने पूरा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा राज्यमंत्री का आभार जताया।

### ग्रामीणों ने जताई खुशी, जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अतिथियों का स्वागत किया। ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति में होने वाले सुधार को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश महला, अधिशासी अभियंता एस.पी. नागर, सहायक अभियंता दिनेश कुमार मीणा, सुरेश चन्द्र मीणा, कनिष्ठ अभियंता नोरतमल मीणा, फीडर इंचार्ज मुकेश कुमार मीणा, सुनील राव, नरेंद्र धाकड़, सोजी धाकड़, मस्तराम मीणा, बतीलाल मीणा, शैतान सिंह मीणा, राजेन्द्र मीणा, खेमराज मीणा, इकराम नागौरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।


# विदाई समारोह के दौरान मोबाइल विवाद बना हिंसा की वजह, छात्रों पर चाकू से हमला , 12वीं के छात्र गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित** शिक्षा के मंदिर में उत्सव का माहौल उस वक्त दहशत में बदल गया, जब कोटा के एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा के विदाई समारोह के दौरान चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई। समारोह के बीच स्कूल परिसर के बाहर एक बाहरी युवक ने दो छात्रों पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और कार्यक्रम तत्काल रोकना पड़ा।

यह घटना कोटा ग्रामीण क्षेत्र के चेचट थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार दोनों छात्र 12वीं कक्षा के हैं और विदाई समारोह में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के दौरान वे कुछ समय के लिए स्कूल गेट के बाहर खड़े हुए थे, तभी एक युवक वहां पहुंचा और अचानक हमला कर दिया।

पुलिस के अनुसार एक छात्र के सिर और नाक पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दूसरे छात्र के सीने में चाकू से वार किया गया। हमले के बाद छात्रों की चीख-पुकार सुनकर शिक्षक व अन्य विद्यार्थी बाहर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। लहूलुहान हालत में दोनों छात्रों को तुरंत



चेचट अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

थानाधिकारी सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। घायलों के बयान में सामने आया कि आरोपी युवक पहले एक छात्र से मोबाइल चेक करने की जिद करने लगा। मना करने पर उसने उसके दोस्त के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए दूसरे छात्र पर आरोपी ने हाथ में पहने कड़े से नाक और सिर पर जोरदार वार किया।

पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर दोनों घायलों के बयान दर्ज कर लिए हैं। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और तलाश जारी है ।

# महाराष्ट्र में मजदूर की संदिग्ध मौत, आसींद थाने के बाहर शव रखकर दिया धरना

## मजदूरी के बहाने ले जाकर हत्या का आरोप, गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

महाराष्ट्र में मजदूरी के लिए ले जाए गए एक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला शनिवार को उस समय गरमा गया, जब परिजन व समाजजन शव लेकर आसींद थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। परिजनों ने मजदूरी के बहाने ले जाकर हत्या करने और साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप लगाते हुए मांगें पूरी होने तक अंतिम संस्कार न करने का ऐलान किया।






मामला थाना क्षेत्र के बराणा की झोपड़िया गांव निवासी रमेश भील से जुड़ा है। मृतक की पत्नी केसी देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब एक माह पहले भाटीखेड़ा निवासी बलवीर सिंह उनके पति रमेश भील को मजदूरी के लिए महाराष्ट्र ले गया था। रमेश के साथ धारेला निवासी मदन भील भी गया था। 7-8 दिन पहले तक बातचीत के बाद पति से संपर्क टूट गया।

पीड़िता के अनुसार 2 फरवरी को संजय सिंह नामक व्यक्ति ने रमेश के भाई को कॉल कर आधार कार्ड मंगवाया और कुछ ही देर बाद रमेश की मौत की सूचना दी गई। परिजनों को संदेह है कि हत्या कर शव को वहीं दफना दिया गया।

जानकारी मिलने पर समाज के लोग महाराष्ट्र पहुंचे, कथित रूप से दफन शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया और शव को आसींद लाया गया। शनिवार को परिजन, महिलाएं व समाजजन थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व मुआवजे की मांग को लेकर धरना दिया।

स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिजोलिया में दिनदहाड़े सुनसान मकान को बनाया निशाना, नकदी-जेवरात चोरी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर।** कस्बे के विजय सागर तालाब के समीप शनिवार को दिनदहाड़े चोरों ने एक सुनसान मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर में घुसकर कमरे के ताले तोड़कर अलमारी का लॉक तोड़ उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने के टॉप्स, हाथ की चांदी की चूड़ी-पायल तथा करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए।

पीड़ित सुलेमान पुत्र युसूफ हुसैन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित के अनुसार वह दोपहर करीब 2 बजे खाना करने के बाद मकान पर ताला लगाकर दुकान पर गया था, जबकि उसकी मां मस्टरोल पर काम करने गई हुई थी।

शाम करीब 5 बजे लौटने पर घर के ताले टूटे मिले और अलमारी का सामान बिखरा हुआ था।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी नगर में दिनदहाड़े चोरी की दो अन्य वारदातें हो चुकी हैं, जिनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सांसद दामोदर अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट में लगाई जनसुनवाई, सैकड़ों समस्याओं का मौके पर समाधान





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा के बजट सत्र के दौरान भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के आमजन व कार्यकर्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सांसद जनसंवाद केंद्र पर जनसुनवाई की।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान लोकसभा क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों से आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। सांसद अग्रवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर संवाद कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करवाई, जिससे कई मामलों में तुरंत राहत प्रदान की गई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

इस अवसर पर बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से नवाचार संस्था द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को सांसद अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मौके पर रथ पर लगाए गए बाल विवाह रोकथाम संबंधी कानून व्यवस्था के बैनर पर हस्ताक्षर भी किए। सांसद अग्रवाल ने बाल विवाह को सामाजिक अभिशाप बताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

गौरतलब है कि सांसद अग्रवाल ने संसद के बजट सत्र के दौरान भी शनिवार-रविवार की छुट्टी का उपयोग करते हुए अपने लोकसभा क्षेत्र में पहुंचकर जनसुनवाई की और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।

# दिनदहाड़े चोरी करने वाले गिरोह के 4 शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी-जेवरात बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गंगापुर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए चोरी करने वाले गिरोह के चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी लीलाधर मालवीय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की मंगल परिहार निवासी गंगापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रायपुर रोड स्थित उसके आवासीय मकान में बीती 5 दिसंबर को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच उस समय चोरी हुई जब परिवार शादी समारोह में गया हुआ था और किरायेदार ड्यूटी पर थे। मकान के ताले टूटे मिले तथा जांच में ?1.30 लाख नकद, लगभग 11 ग्राम की सोने की अंगूठी, 17 ग्राम की सोने की चेन-पेंडल एवं किरायेदार के कमरे से ?8 हजार नकद गायब पाए गए। पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर तथा तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर दुर्गा बागरिया, कालूराम उर्फ कालू उर्फ भूरा बागरिया और रामस्वरूप बागरिया को गिरफ्तार किया, वहीं चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी बुद्धि प्रकाश सोनी को भी गिरफ्तार कर माल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार तीनों मुख्य आरोपी पूर्व में भी आसींद, शंभुगढ़ एवं बागौर थानों में चोरी के मामलों में चालानशुदा हैं।

# एनडीपीएस एक्ट में 5 हजार का इनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक प्रकरण में तीन वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई । गठित टीम ने लगातार प्रयास, निगरानी और सूचना संकलन के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी आबिद हुसैन मंसुरी (36) पुत्र मोहम्मद रफीक मंसुरी, निवासी पुरानी आबादी मांडलगढ़, पिछले करीब तीन वर्षों से फरार चल रहा था।

आरोपी की तलाश के बार-बार प्रयासों के बावजूद कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पा रही थी, जिस पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इनामी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने उसे मांडलगढ़ क्षेत्र से ही हिरासत में लिया है ।

# भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा टला

## माता-पिता को ट्रेन में बैठाकर उतरते समय युवक गिरा, हालत नाजुक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक पल की चूक बड़ा रेल हादसा बन सकती थी। इंटरसिटी ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर ठहराव के दौरान माता-पिता को ट्रेन में बैठाकर उतर रहे एक युवक के साथ अचानक दुर्घटना हो गई, जब ट्रेन ने बिना चेतावनी रफ्तार पकड़ ली। संतुलन बिगड़ते ही युवक प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर पड़ा, हालांकि वह ट्रेन के नीचे आने से बाल-बाल बच गया।



गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद रेलवे सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति फिलहाल नाजुक बनी हुई है।

घायल युवक की पहचान शशिकांत पिता ओमप्रकाश बुला के रूप में हुई है। बताया गया कि शशिकांत अपने माता-पिता को इंटरसिटी ट्रेन में बैठाने के बाद प्लेटफॉर्म पर उतर रहा था, इसी दौरान ट्रेन ने अचानक गति बढ़ा दी, जिससे वह असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ा।

घटना के बाद युवक के परिजन केदार ने रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर निर्धारित समय तक नहीं रोका गया और अचानक रफ्तार बढ़ाने से यह हादसा हुआ। परिजनों ने कहा कि यदि युवक ट्रेन के नीचे आ जाता, तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। रेलवे प्रशासन मामले की जांच में जुटा है। वहीं यात्रियों ने भी प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों के ठहराव समय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। फिलहाल घायल युवक का जिला चिकित्सालय में इलाज जारी है और परिजन उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# जंगल में बकरियां चरा रही महिला से दिनदहाड़े लूट, गला दबाकर चांदी के आभूषण छीने

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

बरूंदनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के नला का कुआं के पास झोपड़ों के समीप जंगल में दिनदहाड़े सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। बकरियां चरा रही एक महिला पर तीन अज्ञात लुटेरों ने अचानक हमला कर गला दबाया और उसके चांदी के आभूषण लूटकर जंगल की ओर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान एवं बरूंदनी पुलिस चौकी प्रभारी मीठा लाल मीणा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता हरकू देवी मीणा, पत्नी लादू मीणा, जंगल में बकरियां चरा रही थी। इसी दौरान तीन अज्ञात युवक वहां पहुंचे और महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके चांदी के गहने लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जंगल के रास्ते फरार हो गए। महिला द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है।



लुटेरों की धरपकड़ के लिए आसपास के जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें पारसोली थाना अधिकारी शिव राज राव, ग्रामीण शंकर लाल मीणा सहित पुलिस व ग्रामीणों की टीम जुटी रही। ग्रामीण शंकर लाल मीणा ने बताया कि लुटेरे महिला के पैरों में पहनी चांदी की कड़ियां भी उतारकर ले गए।




QUICK BITES

## नई बैंकिंग सौगात, अरबन को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**


बिजोलिया : बैंकिंग शाखा का हुआ उद्घाटन

**रमेश गुर्जर।** भीलवाड़ा अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की सातवीं शाखा का शुभारम्भ शनिवार को संस्थापक अध्यक्ष मुरलीधर पाण्डे की जन्मस्थली बिजौलिया में किया गया। दोपहर 12.15 बजे अबूझ मुहूर्त में बैंक अध्यक्ष विवेकानन्द पाण्डे, संचालक मंडल के सदस्य एवं प्रबन्ध संचालक नरेन्द्र कुमार सनाढ्य ने विधिवत हवन एवं लक्ष्मी पूजन कर शाखा में लेन-देन का शुभारम्भ किया।शाखा प्रबन्धक सुरेश सोमानी ने बताया कि क्षेत्र में सहकारिता क्षेत्र की बैंकिंग इकाई की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा यहां नई शाखा प्रारम्भ की गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेकानन्द पाण्डे ने कहा कि नवीन शाखा के माध्यम से क्षेत्र वासियों को सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही ग्राहकों के लिए लॉकर सुविधा भी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रबन्ध संचालक नरेन्द्र कुमार सनाढ्य ने विश्वास दिलाया कि यह शाखा व्यापारियों एवं आमजन को श्रेष्ठ एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

## सूठेपा के राजकीय विद्यालय में छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें

### विधायक खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में समारोह संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूठेपा में शनिवार को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल रहे। आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके विद्यालय आने-जाने को सुगम और सुरक्षित बनाना था।

इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तथा इससे विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को बल मिलेगा।

समारोह में प्रकाशचंद्र सांगावत, महाराजसा दिलीप सिंह, कमलेश आमेटा, कमलकांत पोरवाल, केशरीमल खटीक, पूर्व सरपंच रमेश शर्मा, प्रशासक लाली देवी जसावत , बूथ अध्यक्ष महेंद्र पांडे, भेरूलाल शर्मा, कैलाश पारीक एवं जसराज सांगावत उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मेहरू कलां में गूंजे जय श्री नृसिंह के जयघोष

### श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ व नृसिंह-प्रह्लाद मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा भक्ति भाव से संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**(दिलखुश)** उपखंड क्षेत्र के ग्राम मेहरू कलां में महंत हरिदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ एवं नृसिंह-प्रह्लाद मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विधिवत रूप से शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर समूचा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो उठा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

महोत्सव के अंतर्गत यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए नव-निर्मित श्री नृसिंह मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में भगवान श्री लक्ष्मी नृसिंह एवं भक्त प्रह्लाद की प्रतिमा को विशेष सुसज्जित वाहन में विराजमान किया गया। मार्ग में श्रद्धालु पुष्प वर्षा करते हुए दर्शन लाभ लेते नजर आए।

शोभायात्रा में संत-महात्मा, विद्वान ब्राह्मण, महिला-पुरुष एवं युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। 'जय श्री नृसिंह' और 'भक्त प्रह्लाद महाराज की जय' के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाए, वहीं बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला।

नव-निर्मित श्री नृसिंह मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नृसिंह-प्रह्लाद की मूर्ति की विधिवत प्राण-



प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर महंत हरिदास महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री नृसिंह भक्तों की रक्षा और अधर्म के विनाश के प्रतीक हैं, जबकि भक्त प्रह्लाद की कथा अडिग भक्ति, सत्य और धैर्य का संदेश देती है।कार्यक्रम में लाल धागे सरकार ने अपने प्रवचन में कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे जीवन में उतारना ही सच्ची भक्ति है। आज के समय में धर्म और संस्कारों को जीवित रखना तथा नई पीढ़ी को उनसे जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद का जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वर पर अटूट विश्वास की प्रेरणा देता है।

महायज्ञ के दौरान आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की गई। आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# राज्यपाल व विधानसभा अध्यक्ष को दिया सनातन मंगल महोत्सव का निमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने जयपुर प्रवास के दौरान राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह में पधारने का आत्मीय व आध्यात्मिक निमंत्रण प्रदान किया।





स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाला सनातन मंगल महोत्सव धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का विराट संगम होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म की शाश्वत परंपराओं के संरक्षण, साधना पथ के संवर्धन तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम बनेगा। महोत्सव के दौरान भक्ति, सेवा, संस्कार और साधना का अद्भुत समन्वय देखने को मिलेगा। महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्वामी हंसराम उदासीन का आत्मीय स्वागत करते हुए इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की सराहना की तथा महोत्सव की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण को मजबूती मिलती है।

उल्लेखनीय है कि महोत्सव के दौरान आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे सनातन धर्म की साधना परंपरा को नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर देश-विदेश से संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी नागरिक बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे।

इस अवसर पर स्वामी ईश्वर दास उदासी, सोनू उदासी, आश्रम के ब्रह्मचारी कुनाल, लघु उद्योग भारती के प्रदेश संयुक्त महामंत्री रविन्द्र कुमार जाजू तथा वाल्मीकि समाज के पदाधिकारी छीतर मल गैंगट सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्रीराम-जानकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सदारामजी का खेड़ा में निकली जलयात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़** उपखण्ड क्षेत्र के सदारामजी का खेड़ा ग्राम में भगवान श्रीराम-जानकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर धार्मिक माहौल बना हुआ है। इसी को लेकर आज गांव में परंपरागत एवं श्रद्धापूर्ण जलयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आयोजन की भव्य शुरुआत की।

सुबह जलयात्रा नीलकंठ महादेव, कांमा से विधिवत रूप से निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, वहीं पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह के साथ शामिल रहे। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली जलयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

आयोजन समिति ने बताया की 11 फरवरी को भगवान श्रीराम-जानकी एवं शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ नवकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का मुख्य आयोजन संपन्न होगा। इससे पूर्व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ, कलश स्थापना, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी शामिल हैं। समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य दुर्गेश भट्ट के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न कराए जा रहे हैं।

# लैंगिक समानता पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बाल व महिला चेतना समिति तथा डायरेक्ट एक्शन फॉर वूमेन नाऊ के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुंवालिया में विद्यार्थियों के लिए लैंगिक समानता विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शारीरिक शिक्षक ललित सिंह पंवार द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं परिचय से की। उन्होंने किशोर विद्यार्थियों के लिए जेंडर समानता जैसे विषय को अत्यंत आवश्यक बताते हुए आयोजक संस्था



का आभार व्यक्त किया।

संस्था अध्यक्ष तारा अहलूवालिया ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि किशोरावस्था में ही लैंगिक समानता की समझ विकसित करना जरूरी है, जिससे बच्चे आगे चलकर एक संवेदनशील, समानतापूर्ण और न्यायसंगत समाज के निर्माण में योगदान दे सकें।

कार्यशाला में उदयपुर से आई संदर्भ व्यक्ति शशिप्रभा ने दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से जेंडर की अवधारणा को सरल भाषा में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि घर, विद्यालय और समाज में लड़का-लड़की के बीच होने वाले छोटे-छोटे भेदभाव आगे चलकर किस प्रकार बड़ी सामाजिक असमानताओं का रूप ले लेते हैं।

उन्होंने काम के बंटवारे, शिक्षा के अवसर, निर्णय लेने के अधिकार तथा सामाजिक सोच जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही खेल एवं रोल-प्ले गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय की गहराई से समझ विकसित कराई। चर्चा सत्र में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर संस्था की ओर से श्याम लाल, भावना, परमेश सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एनएच-27 पर फिर हादसा, निर्माण स्थल बना खतरा

## केसरगंज कट पर कार हुई अनियंत्रित , अधूरे निर्माण की खुली पोल





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**(नरेश धाकड़)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज कार्य बंद होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में अनावश्यक हस्तक्षेप तथा समय पर स्वीकृत बजट ठेकेदार को जारी नहीं होने के कारण ठेकेदार ने कार्य अधूरा छोड़ दिया है। इसके चलते हाईवे पर आवागमन बाधित हो रहा है और आए दिन हादसे हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर बिजौलिया सहित भीलवाड़ा जिले के सलावटिया तथा बूंदी जिले के डाबी कट प्वाइंट पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा है।

निर्माण स्थल पर न तो संपर्क मार्गों पर स्पष्ट दिशा-सूचक लगे हैं और न ही गड्ढों की मरम्मत की गई है, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी लापरवाही के चलते बीती रात शुक्रवार को बिजौलिया के केसरगंज कट पर एक बड़ा हादसा हो गया। कोटा से उदयपुर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी इसी स्थान पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए, संपर्क मार्गों को सुरक्षित बनाया जाए तथा दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों पर रोक लग सके।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावाः आसींद में 13 छात्राओं को साइकिलें वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

उपखंड क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में शनिवार को कक्षा 9 की बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक जब्बर सिंह सांखला ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत राज्य सरकार की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 13 बालिकाओं को साइकिलें वितरित कीं।




विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने बताया कि योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि विधायक सांखला ने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और आत्मनिर्भर बनकर उज्ज्वल भविष्य गढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य कुमावत ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सजग रहने, सटीक उत्तर लिखने तथा कॉलेज जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य शिव दर्शन सिंह खींची ने अच्छी संगत अपनाने पर जोर दिया, जबकि पूर्व शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण टेलर ने कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन नारायण सिंह कृष्णावत एवं विद्यार्थियों ने किया तथा साइकिल वितरण की मॉनिटरिंग देवेंद्र सिंह तंवर ने की। उपप्रधानाचार्य डॉ. विकास टेलर ने मोबाइल के सीमित एवं शैक्षणिक उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत सहित अनेक अतिथि, अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# रेडवास स्कूल में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया नवनिर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण



भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**

ब्लॉक क्षेत्र की रेडवास ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार देर शाम प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मुख्य आतिथ्य में नवनिर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण एवं कक्षा 9 की बालिकाओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।


ऊर्जा मंत्री नागर ने कक्षा कक्षों का लोकार्पण करते हुए कहा कि राज्य सरकार विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है। शिक्षक और छात्र हित में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय केवल वादे किए गए, जबकि वर्तमान सरकार धरातल पर काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री हीरालाल नागर के हाथों कक्षा 9 की 28 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि डीएमटी फंड व विधायक कोष से ब्लॉक के विद्यालयों के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृतियां दी गई हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, उप प्रधान शंकर गुर्जर, निवर्तमान प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, धर्मचंद जीनगर, जगन्नाथ बलाई, बद्री जाट, रामनारायण जाट सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश छपरी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर पंचायत की ओर से मंत्री हीरालाल नागर को संतरे से तौला गया। इस दौरान अजमेर विद्युत वितरण निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कारोई में भगवान चारभुजा नाथ कि प्रतिमा स्थापित , उमड़ा जनसैलाब



भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।

नेशनल हाईवे 758 स्थित कारोई कस्बे के खेड़ा में चारभुजा नाथ मंदिर में ठाकुर जी कि प्रतिमा स्थापित की गई । , प्रतिमा स्थापना के 5 दिन पूर्व ही पंडित वासुदेव सुखवाल के सानिध्य में 15 पंडितों द्वारा यज्ञ में आहुतियां दी गई व विधीवत मंत्रोच्चार कर शनिवार को 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में ठाकुर जी कि मूर्ति स्थापना की गई । मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में बड़ी मात्रा में महिलाएं व बुजुर्ग डीजे के साथ नाचते गाते हुए सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा निकाली गई । वह मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों व से सजाया गया , कलश यात्रा व मूर्ति स्थापना में 5 क्विंटल गुलाब व अन्य फूलों से सजाया गया, ठाकुर जी कि महा आरती की गई, व महा प्रसादी का आयोजन किया, इस उपलक्ष में सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# करेड़ा में दिनदहाड़े महिला से लूट, अपराधियों के हौसले बुलंद

## बाइक सवार बदमाशों ने जेवरात लूटे, महिला घायल

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा।

थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए शनिवार को दिनदहाड़े एक सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। नेशनल हाईवे-148ड के समीप शिवपुर मार्ग पर बदमाशों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए चलते रास्ते में उसके जेवरात लूट लिए और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार पीड़िता टेमु देवी रावत अपने ससुराल से पीहर धनेरी गांव कटार के पास जा रही थीं। इसी दौरान सड़क का बाडिया गांव के समीप बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने झपट्टा मारकर उनके कानों की झुमकी, नाक की नथ और मंगलसूत्र लूट लिया। लूट के दौरान हुई हाथापाई में महिला गिर पड़ी, जिससे वह घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही शिवपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायल महिला को उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## QUICK BITES

### विराट हिंदू धर्म सम्मेलन आज, कलशयात्रा व धर्म सभा होगी

भीलवाड़ा फोकस @ हिण्डोली।

कस्बें में रविवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से विराट हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने बताया कि विराट हिंदू धर्म सम्मेलन के लिए दोपहर 12 बजे से त्रिवेणी संगम स्थल से गणेशजी की पूजा अर्चना कर कलशयात्रा शुरू होगी। जिसमें एक हजार से अधिक महिलाएं मंगल कलश लेकर शामिल होंगी। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। शोभायात्रा घाणा का पाड़ा, सेवा बस्ती, मुख्य बस स्टैंड, पेट्रोल पंप से वापस तहसील चौराहे से होते हुए माली समाज छात्रावास में पहुंचेगी। जहां संत दर्शन, हिंदू धर्म सभा होगी। जिसमें मुख्य वक्ता सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री गोविंद होंगे। कार्यक्रम में संत चेतेश्वरानंद भी अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए घर घर जाकर पीले चावल बांटे गए हैं। शोभायात्रा की सुरक्षा की व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई है।

### वृद्धाश्रम परिसर में पक्षियों के लिए मक्का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जीव दया अभियान के अंतर्गत पक्षियों के संरक्षण हेतु हरनी महादेव रोड स्थित वृद्धाश्रम परिसर में मक्की वितरण किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने बताया की परिषद द्वारा वृद्धाश्रम में अब तक लगभग 1300 किलोग्राम ( 13 बोरी ) मक्की का वितरण किया जा चुका है, जिससे पक्षियों के संरक्षण के साथ मानव सेवा और जीव-दया का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अतिथि समाजसेवी सुनील बालर, संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मैन की अध्यक्ष पुष्पा गोखरू, ललित आंचलिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पक्षियों एवं निराश्रित जीवों की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा, संवेदना और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सुरेश बंब, जिला मार्गदर्शक सीए महावीर सुनीता गांधी, उपाध्यक्ष ललित बोहरा, कमल वैशनानी, सीए नवजोत सिंह, ज्ञानचंद पगारिया, हरीश काकानी, प्रतीक बाफना, सुरेश राजपुरोहित, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, रजनी बापना सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेड़वास में विराट हिन्दू सम्मेलन आज, घर-घर बांटे जा रहे पीले चावल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष समारोह पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के तहत रेड़वास मंडल केंद्र पर रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । रेड़वास मंडल में रघुनाथपुरा, गोठड़ा, कानपुरिया, बिरमियास, बलिया खेड़ा, सबलपुरा गांव शामिल हैं । अध्यक्ष भंवरलाल शर्मा व संयोजक महावीर जाट ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे विशाल कलश यात्रा, शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें प्रभातफेरी, अखाड़ व झांकी सजाई जाएगी । शोभायात्रा रेड़वास गांव में तेजाजी मंदिर से प्रारंभ होगी, ?जो विभिन्न गली मोहल्ले से होते हुए शिवालय मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी । जहां साय 4 बजे आकोला शिवालय महंत रामस्नेही दास जी महाराज व चित्तौड़गढ़ के सावा राघव गौशाला के राघव नाथ जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे और आशीर्वचन होगा । इसको लेकर गांवों में घर-घर जाकर मंडलियां पीले चावल बांटने के साथ ही कार्यक्रम में आने का आमंत्रण पत्रक दे रहे हैं । रेड़वास सहित अन्य गांवों में झंडियां व फरिया लगाने से माहौल भगवा मय बना है ।।

### माण्डलगढ़ दुर्ग को प्रताप सर्किट से जोड़ने से पर्यटन को मिलेगी नई रफ्तार

**राणा सांगा की प्रतिमा स्थापना जल्द, बजट सत्र में माण्डलगढ़ को मिलेंगी नई सौगातें : विधायक खण्डेलवाल**

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।



माण्डलगढ़ के ऐतिहासिक एवं प्राचीन दुर्ग को लेकर क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने माण्डलगढ़ दुर्ग को प्रताप सर्किट से जोड़ दिया है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और विकास को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही दुर्ग परिसर में शीघ्र ही राणा सांगा की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। गुप्तेश्वर महादेव स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक खण्डेलवाल ने बताया कि प्रताप सर्किट से जुड़ने के बाद माण्डलगढ़ दुर्ग को प्रदेश व देशभर में नई पहचान मिलेगी। इससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और होटल व्यवसाय, पर्यटक गाइड, हस्तशिल्प एवं स्थानीय व्यापार को सीधा लाभ पहुंचेगा। विधायक ने संकेत दिए कि आगामी बजट सत्र में माण्डलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़क, आधारभूत ढांचे, पर्यटन विकास एवं जनहित से जुड़ी कई नई योजनाओं की घोषणा संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार माण्डलगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए उन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। विधायक गोपाल खण्डेलवाल ने माण्डलगढ़ से गुप्तेश्वर महादेव तक दुर्गम कच्चे मार्ग पर करीब ?2 करोड़ की लागत से बन रही 5 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने संवेदक एवं नगर पालिका के अभियंता को सड़क निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी मनिंदर सिंह को वन क्षेत्र में विकास कार्यों एवं संभावित पर्यटन को लेकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन संजय डांगी, पार्षद अनिता सुराणा, समाजसेवी मुरली मनोहर जोशी, मनोज जोशी, कमलेश जोशी, मनीष जोशी, अशोक जीनगर सहित बड़ी संख्या में गुप्तेश्वर महादेव के भक्त मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।